फा.सं.12/1/2018-प्रशासन भाग-1

भारत सरकार

संसदीय कार्य मंत्रालय

92, संसद भवन,

नई दिल्ली-110001

दिनांक 13.01.2023

कार्यालय ज्ञापन

विषयः संसदीय कार्य मंत्रालय के संबंध में दिसंबर, 2022 का मासिक सार।

अधोहस्ताक्षरी को इसके साथ दिसंबर, 2022 के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय के मासिक सार की एक प्रति अग्रेषित करने का निदेश हुआ है।

ह./-

**(मुकेश कुमार)**

**अवर सचिव, भारत सरकार**

**011-23034899**

संलग्नक: यथोपरि

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी प्रेषित:

1. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
2. राष्ट्रपति जी के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. उपराष्ट्रपति जी के सचिव, मौलाना आज़ाद रोड़, नई दिल्ली।
4. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत सरकार के सभी सचिव।
6. संसदीय कार्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्य अधिकारी।
7. संसदीय कार्य राज्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्य अधिकारी।
8. सचिव/अपर सचिव के निजी सचिव।

**<u>भारत सरकार</u>**

**<u>संसदीय कार्य मंत्रालय</u>**

**विषय:- संसदीय कार्य मंत्रालय के संबंध में दिसंबर, 2022 का मासिक सार।**

1. **माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय/प्रमुख उपलब्धियां:-**

**I. शीतकालीन सत्र 2022:-**

1. संसद का शीतकालीन सत्र, 2022, जो बुधवार, 7 दिसंबर, 2022 को शुरू हुआ था, शुक्रवार, 23 दिसंबर, 2022 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र के दौरान 17 दिनों की अवधि में 13 बैठकें हुईं।
2. सत्र, जो मूल रूप से 7 दिसंबर, 2022 से 29 दिसंबर, 2022 तक 17 बैठक करने के लिए निर्धारित किया गया था, आवश्यक सरकारी कार्य पूरा हो जाने और संसद के सदनों की अपनी-अपनी कार्य मंत्रणा समितियों में आम सहमति के कारण समय पूर्व समाप्त कर दिया गया।
3. शीतकालीन सत्र, 2022 के दौरान, संसद के दोनों सदनों द्वारा 9 विधेयक पारित किए गए।

**II. लोक सभा में पुर:स्थापित किए गए विधेयक**

1. बहुराज्य सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, 2022
2. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022
3. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक, 2022
4. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक, 2022
5. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक, 2022
6. विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2022
7. विनियोग (संख्यांक 5) विधेयक, 2022
8. निरसन और संशोधन विधेयक, 2022
9. जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2022

**III. लोक सभा द्वारा पारित किए गए विधेयक**

1. विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2022
2. विनियोग (संख्यांक 5) विधेयक, 2022
3. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022
4. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक, 2022

5. समुद्री दस्युता रोधी विधेयक, 2022
6. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक, 2022
7. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक, 2022

* संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022

**IV. राज्य सभा द्वारा पारित किए गए विधेयक**

1. वन्य जीव संशोधन विधेयक (संरक्षण), 2022
2. ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022
3. नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय माध्यस्थम केंद्र (संशोधन) विधेयक, 2022
4. संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022
5. विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2022
6. विनियोग (संख्यांक 5) विधेयक, 2022
7. समुद्री दस्युता रोधी विधेयक, 2022
8. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022
9. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक, 2022

**V. संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए विधेयक**

1. वन्य जीव संशोधन विधेयक (संरक्षण), 2022
2. ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022
3. नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय माध्यस्थम केंद्र (संशोधन) विधेयक, 2022
4. विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2022
5. विनियोग (संख्यांक 5) विधेयक, 2022
6. संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022
7. समुद्री दस्युता रोधी विधेयक, 2022
8. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022
9. संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक, 2022

**VI. संसदीय कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति की बैठक**

शुक्रवार, 23 दिसंबर, 2022 को आयोजित अपनी बैठक में संसदीय कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति ने निर्णय लिया कि:-

(i) शुक्रवार, 23 दिसंबर, 2022 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए गए 17वीं लोक सभा के 10वें सत्र और राज्य सभा के 258वें सत्र (शीतकालीन सत्र, 2022) का अवसान कर दिया जाए।

(ii) गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों और संकल्पों का विरोध किए जाने या संबंधित सदस्यों से विधेयक/संकल्प वापस लेने का अनुरोध करने/मनाने, ऐसा न करने पर उनका विरोध करने/समर्थन नहीं करने के संसदीय कार्य मंत्री द्वारा उनको प्रत्यायोजित शक्तियों के तहत अनुमोदित सरकारी निर्णयों का कैबिनेट नोट संख्या 08/2022 के माध्यम से अनुसमर्थन किया जाए।

**VII. दोनों सदनों का सत्रावसान।**

लोक सभा और राज्य सभा के 7 दिसंबर, 2022 को शुरू हुए क्रमश: 10वें सत्र और 258वें सत्र का माननीय राष्ट्रपति द्वारा 24 दिसंबर, 2022 को अवसान किया गया।

- **संसद में आश्वासनों का कार्यान्वयन**

  दिसंबर, 2022 माह के दौरान लोक सभा की कार्यवाही से 30 आश्वासन तथा राज्य सभा की कार्यवाही से 35 आश्वासन निकाले गए।

  दिसंबर, 2022 के दौरान, 268 कार्यान्वयन रिपोर्ट लोक सभा के पटल पर और 122 (18 आंशिक) कार्यान्वयन रिपोर्ट राज्य सभा के पटल पर रखी गईं।

- **परामर्शदात्री समितियों का कार्यचालन**

  दिसंबर, 2022 के दौरान -

  क. परामर्शदात्री समितियों की 13 बैठकें आयोजित की गईं।

  ख. माह के दौरान एक संसद सदस्य का नाम उनकी मृत्यु हो जाने के कारण परामर्शदात्री समिति से हटाया गया।

  ग. माह के दौरान सरकार द्वारा एक संसद सदस्य को परामर्शदात्री समिति पर नामांकित किया गया।

उपरोक्त विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

- **लोक सभा में नियम 377 के तहत और राज्य सभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के संबंध में लोक सभा में नियम 377 के तहत और राज्य सभा में नियम 180 ए-ई के तहत विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों की स्थिति निम्नानुसार है:-

| | **लोक सभा में नियम 377 के तहत उठाए गए मामले** | **राज्य सभा में नियम 180-ई के तहत किए गए विशेष उल्लेख** |
|---|---|---|
| दिनांक 01.12.2022 को लंबित मामले | 70 | 77 |
| माह के दौरान उठाए गए मामले | 308 | 205 |
| कुल लंबित मामले | 378 | 282 |
| माह के दौरान प्राप्त उत्तर | 016 | 005 |
| शेष मामले | **362** | **277** |

- **युवा संसद योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना**

  क. दिसंबर, 2022 के दौरान, कुल 43 संस्थाओं ने राष्ट्रीय युवा संसद योजना के पोर्टल पर पंजीकरण कराया। युवा संसद की बैठक आयोजित करने के बाद 83 संस्थाओं ने राष्ट्रीय युवा संसद योजना के पोर्टल पर पूर्णत: या आंशिक रूप से फोटो, वीडियो, रिपोर्ट, विद्यार्थियों का विवरण आदि अपलोड किया है। युवा संसद की इन बैठकों में 3590 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

  ख. केन्द्रीय विद्यालय, फोर्ट विलियम कोलकाता ने 19 दिसंबर, 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव की थीम पर युवा संसद की एक विशेष बैठक आयोजित की।

  ग. जवाहर नवोदय विद्यालय, पठानमथिट्टा, केरल ने 16 दिसंबर, 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव की थीम पर युवा संसद की एक विशेष बैठक आयोजित की।

  घ. जवाहर नवोदय विद्यालयों के लिए 24वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2022-23 का राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन निम्नलिखित स्थानों पर किया गया:-

     i. जवाहर नवोदय विद्यालय, नादिया (पश्चिम बंगाल) 21 और 22 दिसंबर, 2022 को।

ii. जवाहर नवोदय विद्यालय, चंद्रपुर (महाराष्ट्र) 28 और 29 दिसंबर, 2022 को।

- **राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा)**

दिसंबर, 2022 के दौरान नेवा के संबंध में निम्नलिखित गतिविधियां की गईं:

**1. मेघालय विधानसभा के अधिकारियों का दौरा**

मेघालय विधानसभा के 4 अधिकारियों ने 05 से 07 दिसंबर, 2022 तक संसदीय सौध, नई दिल्ली में सीपीएमयू नेवा प्रकोष्ट का दौरा किया। इस दौरे में अधिकारियों को नेवा प्लेटफार्म के डिजिटल अभिलेखागार और रिपोर्टर मॉड्यूल का प्रशिक्षण दिया गया और साथ ही अन्य मॉड्यूल से संबंधित प्रश्नों का समाधान किया गया।

**2. सीपीएमयू, नेवा के अधिकारियों द्वारा हरियाणा विधानसभा का दौरा**

क. सीपीएमयु नेवा के 4 अधिकारियों ने 23 से 28 दिसंबर, 2022 तक हरियाणा विधानसभा, चंडीगढ़ का दौरा किया ताकि विधानसभा को नेवा प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपने सत्र को सफलतापूर्वक चलाने में सहायता मिल सके।

ख. हरियाणा विधानसभा ने 26 से 28 दिसंबर, 2022 तक अपने शीतकालीन सत्र के दौरान नेवा प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने कार्य का संचालन किया।

ग. विधायकों और अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया गया ताकि वे नेवा एप्लिकेशन का प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें।

**3. सीपीएमयू, नेवा के अधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश परिषद का दौरा**

क. सीपीएमयू नेवा के 2 अधिकारियों ने 5 से 7 दिसंबर, 2022 तक उत्तर प्रदेश विधान परिषद, लखनऊ का दौरा किया ताकि परिषद को नेवा प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपने सत्र को सफलतापूर्वक चलाने में सहायता मिल सके।

ख. विधान परिषद के सदस्यों और अधिकारियों को प्रशिक्षण और सहायता प्रदान की गई ताकि वे नेवा एप्लिकेशन का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में सक्षम हो सकें।

**4. आभासी कार्यशाला**

केंद्रीय परियोजना निगरानी इकाई (सीपीएमयू), नेवा ने राजस्थान विधानसभा के लिए 05 दिसंबर, 2022 को एक ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की, ताकि उन्हें नेवा प्लेटफॉर्म के ई-बुक मॉड्यूल के प्रदर्शन के साथ-साथ नेवा प्लेटफॉर्म के बारे में जानकारी दी जा सके। इस संदर्भ में, चर्चा हुई कि सीपीएमयू, नेवा की एक टीम को राजस्थान विधानसभा में प्रतिनियुक्त किया जाए ताकि विधानसभा में नेवा सॉफ्टवेयर के बारे में पूर्ण प्रदर्शन और अभिविन्यास कार्यशाला आयोजित की जा सके।

**5. विभिन्न विधानसभाओं को अपना सत्र नेवा प्लेटफॉर्म पर चलाने के लिए सहायता प्रदान की गई**

सीपीएमयू नेवा टीम द्वारा उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और मेघालय की विधानसभाओं को आवश्यक सहयोग दिया गया ताकि वे बिना परेशानी के नेवा प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकें।

- **प्रोटोकॉल और कल्याण**

माह के दौरान:-,

(i) भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता के संबंध में 5 दिसंबर, 2022 को सभी दलों के अध्यक्षों के साथ माननीय प्रधान मंत्री के नेतृत्व में एक ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई।

(ii) संसद के शीतकालीन सत्र, 2022 के सुचारू संचालन के लिए माननीय संसदीय कार्य मंत्री की अध्यक्षता में सभी दलों के नेताओं के साथ 6 दिसंबर, 2022 को बैठक आयोजित की गई ।

2. लंबे अंतर-मंत्रालयी परामर्श के कारण रूके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत मामले

-शून्य-

3. तीन महीने से अधिक समय से लंबित 'अभियोजन की मंजूरी 'के मामलों की संख्या

-शून्य-

4. उन मामलों का विवरण जिनमें कार्य निष्पादन नियमों या सरकार की स्थापित नीति से विचलन शामिल रहा।

-शून्य-

5. वर्तमान स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति)

गतिविधियां संचालित की जा रही हैं और उनकी निगरानी की जा रही है।

6. स्वायत्त निकायों के युक्तिकरण की स्थिति

इस मंत्रालय के तत्वावधान में कोई स्वायत्त निकाय नहीं है।

7. शासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित टोल और अनुप्रयोगों के उपयोग हेतु उठाए गए विशिष्ट कदमों की जानकारी

-लागू नहीं-

8. स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर के पदों में रिक्ति की स्थिति

वर्तमान में वरिष्ठ स्तर के सभी पद भरे हुए हैं।

9. उन मामलों की सूची जिनमें एसीसी के निर्देशों का पालन नहीं किया गया है

-शून्य-

10. माह के दौरान स्वीकृत एफडीआई प्रस्तावों का विवरण और मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन की प्रतीक्षा में एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति।

-शून्य-

**अनुबंध-I**

## दिसंबर, 2022 के दौरान आयोजित परामर्शदात्री समिति की बैठकों की सूची

| क्र.सं. | दिन, तारीख और समय | मंत्रालय | विषय | स्थल/टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मंगलवार, 2 दिसंबर, 2022 को दोपहर 12.30 बजे | रक्षा | रक्षा शिपयार्ड | मुंबई, महाराष्ट्र |
| 2. | बुधवार, 7 दिसंबर, 2022 को शाम 5.00 बजे | सूचना और प्रसारण | केंद्रीय संचार ब्यूरो - सूचना प्रसार में क्रांति | समिति कक्ष "घ", संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 3. | गुरुवार, दिनांक 8 दिसंबर, 2022 को अपराह्न 3.30 बजे | नागर विमानन | गगन | समिति कक्ष "ग", संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 4. | गुरुवार, 8 दिसंबर, 2022 को शाम 5:00 बजे | इस्पात | इस्पात क्षेत्र में कच्चा माल | समिति कक्ष "ग", संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 5. | सोमवार, 19 दिसंबर, 2022 को शाम 6:00 बजे | वस्त्र | वस्त्र निर्यात प्रोत्साहन और 2030 तक 100 बिलियन डॉलर के स्वपन को साकार करने के लिए उठाए गए कदम | समिति कक्ष "घ", संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 6. | बुधवार, 21 दिसंबर, 2022 को प्रातः 9.15 बजे | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण | "आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पएमजेएवाई) | समिति कक्ष "ग", संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 7. | बुधवार, 21 दिसंबर, 2022 को सायं 5.00 बजे | विद्युत | वर्ष 2030 के लिए अनुमानित मांग को पूरा करने के लिए क्षमता वृद्धि | समिति कक्ष "4", संसदीय सौध एक्सटेंशन बिल्डिंग , नई दिल्ली |
| 8. | गुरुवार, 22 दिसंबर, 2022 को प्रातः 9.00 बजे | श्रम और रोजगार | राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल | समिति कक्ष "ग", संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 9. | गुरुवार, 22 दिसंबर, 2022 को शाम 6.00 बजे | महिला एवं बाल विकास | राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की कार्यप्रणाली | समिति कक्ष "घ", संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 10. | शुक्रवार, 23 दिसंबर, 2022 को सुबह 9.00 बजे | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन | सीआईटीईएस-सीओपी 19 में भारत | समिति कक्ष "ग", संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 11. | शुक्रवार, 23 दिसंबर, 2022 को प्रातः 9.00 बजे | वित्त | बजट के लिए सुझाव | समिति कक्ष "घ", संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 12. | शुक्रवार, 23 दिसंबर, 2022 को प्रातः 10.00 बजे | सामाजिक न्याय और अधिकारिता | अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति | समिति कक्ष "ख", संसदीय सौध,<br>नई दिल्ली |
| 13. | शुक्रवार, 23 दिसंबर, 2022 को शाम 5.00 बजे | कृषि और किसान कल्याण | कुपोषण के समाधान हेतु बायो-फोर्टीफाइड फसलें | समिति कक्ष "घ", संसदीय सौध, नई दिल्ली |

**उन संसद सदस्यों का विवरण जिनके नामों को उनकी मृत्यु/त्यागपत्र/सेवानिवृत्ति के कारण दिसंबर, 2022 के दौरान विभिन्न परामर्शदात्री समितियों से हटाया गया**

| **क्र.सं.** | **संसद सदस्य का नाम** | **परामर्शदात्री समिति जिस पर नामांकित थे** | **कारण** |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री मुलायम सिंह यादव, संसद सदस्य (लोक सभा) | गृह मंत्रालय | 16.12.2022 को देहांत |

**उन संसद सदस्यों का विवरण जिन्हें दिसंबर, 2022 के दौरान विभिन्न परामर्शदात्री समितियों में नामांकित किया गया**

| **क्र.सं.** | **संसद सदस्य का नाम** | **उस परामर्शदात्री समिति का नाम जिस पर नामांकित किया गया** | **अभ्युक्तियां** |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुशील कुमार मोदी, संसद सदस्य (राज्य सभा) | रक्षा मंत्रालय | 15.12.2022 को नामांकित किया गया |